तालिका-4 खादी और ग्रामोद्योग में विकास

वर्ष	उत्पादन (करोड़ रुपए में)	रोजगार (लाख व्यक्ति)
1990-91	2280.02	48.57
1991-92	2592.79	50.16
1992-93	2876.94	52.58
1993-94	3233.86	53.28
1994-95 (अ)	3645.00	57.55

(अ) लक्ष्यों के आधार पर अनन्तिम

(ग) जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता है ।

गुजरात में सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में निवेश

3908. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिसम्बर, 1994 तक गुजरात में सरकारी क्षेत्र के प्रत्येक उपक्रम में कुल कितना निवेश किया गया है ;

(ख) इस सम्बन्ध में जिला-वार ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या राज्य सरकार ने राज्य में कुछ और सरकारी क्षेत्र के उपक्रम स्थापित करने हेतु कोई प्रस्ताव प्रेषित किया है; और

(घ) प्रत्येक उपक्रम के वार्षिक उत्पादन लाभ/हानि तथा कार्यरत कर्मचारियों का ब्यौरा क्या है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) (क) ख) और (घ) : 31-3-94 की स्थिति के अनुसार गुजरात राज्य में पंजीकृत कार्यालय वाले सरकारी क्षेत्र के 2 उद्यम अर्थात, इण्डियन पैट्रो-कैमिकल्स लि०, जिला बड़ौदरा और नेटेका (गुजरात) लि०, जिला अहमदाबाद में स्थित थे । निवेश, उत्पादन मूल्य, निवल लाभ/हानि और कर्मचारियों की संख्या का विवरण नीचे दिया गया है :

(करोड़ रु० में)

सरकारी क्षेत्र के उद्यम का नाम	31-3-94 तक निवेश (सामान्य शेयर व ऋण)	वर्ष 93-94 के दौरान उत्पादन मूल्य	93-94 के दौरान निवल लाभ/हानि	31-3-94 तक कर्मचारियों की संख्या
इण्डियन पेट्रोकैमिकल्स कारपो० लि०	2009	1636	89.20	11858
नेटेका (गुजरात) लि०	296	32	(-) 82.38	9262

(ग) जानकारी एकत्रित की जा रही है और सभापटल पर रख दी जाएगी ।